# विधायक ने किया 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण



**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 कि.मी. सड़कों के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आंकलन कर लिया है। शुक्रवार को वे 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुर्ननिर्माण हेतु आवश्यकतानुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है।

वार्डों के भ्रमण के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों सभी का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है, वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मण्डल महामंत्री हेमंत राहोरी मौजूद रहे।

प्रसारण 24/7/21

# स्वच्छता पखवाड़ा व्याख्यान आयोजित किया



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

15 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा 23 जुलाई वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर सैलाना तहसील के कम्युनिटी हाल में व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती कामिनी ठाकुर एस डी एम, अध्यक्ष श्रीमती ज्योति गोस्वामी, प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सैलाना विशेष अतिथि अमूल चौधरी, विकास खण्ड तकनीकी प्रबंधक कृषि विभाग सैलाना, श्रीमती मीना मालवीय, पर्यवेक्षक सैलाना उपस्थित रहे। स अवसर पर अ_ूल चौधरी ने व कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

एस डी एम मेडम द्वारा उपस्थित ग्रामीण नागरिक को वर्मिन कम्पोस्ट के लाभ तथा रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। साथ ही बारिश के पानी का संग्रहण की आवश्यकता पर चर्चा की। श्रीमती ज्योति गोस्वामी ने कोविड 19 से बचाव प्रक्रिया से अवगत करवाया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी रघुवीर सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा श्रीमति रैहाना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस व्याख्यान में संस्थान की अनुदेशिका श्रीमती ज्योति मीना उपस्थित थी।

प्रसारण 24/7/21

# प्रभारी मंत्री ने महाराजा रतनसिंह और दीनदयाल प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



रतलाम | जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया नगर निगम चौराहा स्थित महाराजा श्री रतनसिंह प्रतिमा स्थल पर पहुंचे, उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दीनदयाल नगर स्थित उद्यान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, भाजपा नेता प्रवीण सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

**डालूमोदी बाजार चौराहे पर स्वागत -** प्रभारी मंत्री का जगह-जगह स्वागत हुआ। डालूमोदी बाजार चौराहे पर भाजपा नेता सलीम आरिफ सहित अन्य ने स्वागत किया।

दै. भास्कर 25/7/21

# पांच कार्य-दिवस सप्ताह संबंधित आदेश 31 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावशील

रतलाम। राज्य शासन द्वारा कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के

सुरक्षा | रतलाम शहर में आज 101 सटरा पर होगा कोविड वैक्सीनेशन

# पहले दिन 212 गर्भवती महिलाओं को लगाया टीका


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में शुक्रवार से गर्भवती महिलाओं को भी टीका लगाने की शुरुआत की गई। जिले में कुल 212 गर्भवतियों को टीका लगाया गया। हर मंगलवार व शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जाएगा। शनिवार को जिले में वैक्सीनेशन के लिए 101 सेंटर बनाए गए हैं। यहां कुल 25000 लोगों को टीके लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 20210 लोगों को पहला डोज व 4710 लोगों को दूसरा डोज लगेगा। शहर में 4 सेंटरों पर केवल दूसरा डोज लगेगा जबकि 11 सेंटरों पर आन स्पाट व नौ पर आनलाइन बुकिंग से टीका लगेगा। शुक्रवार को आलोट में 26, बाजना में 40, बिलपांक में 40, जावरा में 30, पिपलौदा व सैलाना में 20-20, रतलाम में 36 गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया गया।



शहर में 24 सेंटरों पर टीकाकरण

**दूसरा डोज :** काश्यप हाल सागोद रोड, अलकापुरी कम्यूनिटी हाल, माहेश्वरी भवन कसारा बाजार, डीआरएम आफिस दो बत्ती पर दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**आन स्पाट बुकिंग सेंटर :** गुरु रामदास पब्लिक स्कूल, प्रिंस पैलेस सैलाना रोड, सुमंगल गार्डन कस्तूरबा नगर, उत्कृष्ट उमावि सागोद रोड, नृसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, मिड टाउन कम्युनिटी हाल, मांगलिक भवन दिलीप नगर, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, आइएमए हाल राजेंद्र नगर।




**आनलाइन बुकिंग :** रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, मार्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सांई एकेडमी 80 फीट रोड, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, लायंस हाल पावर हाउस रोड, मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम, सूरज हाल वेदव्यास कालोनी, सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर।

## 16 हजार विद्युत कर्मचारियों का टीकाकरण

रतलाम। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के लगभग 16 हजार कर्मचारियों, अधिकारियों का कोरोना बचाव टीकाकरण हो चुका है। शेष कर्मचारियों, अधिकारियों को दो सप्ताह में टीका लगाने के निर्देश दिए गए है। मप्रपक्षेविविकं के मुख्य महाप्रबंधक संतोष टैगोर ने बताया कि पिछले दो माह से कोविड टीके लगाने का काम तेजी चल रहा है। पोलोग्राउंड स्थित कंपनी के अस्पताल के अलावा अन्य जिलो, सर्कल, डिविजन आफिस के साथ ही शासकीय अस्पताल व चिं-त टीकाकरण केंद्रो पर कर्मचारियों, अधिकारियों ने टीके लगवाए। इसी कारण पहला डोज तेजी से लगा व कुछ दिनों में कंपनी शत-प्रतिशत टीकाकृत कर्मचारियों, अधिकारियों वाली हो जाएगी। टैगोर ने बताया कि कंपनी के स्थायी कर्मचारियों, अधिकारियों, संविदाकर्मियों के अलावा आउट सोर्स कर्मचारियों को भी अभियान चलाकर टीकाकृत करने का कार्य किया गया। सबसे ज्यादा टीकाकरण इंदौर जिले में हुआ है। वहां लगभग पौने तीन हजार कर्मचारी, अधिकारी टीकाकृत हुए है। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देशानुसार आगामी दो सप्ताह में कंपनी के शत-प्रतिशत कर्मचारी, अधिकारी टीकाकृत हो जाएंगे।

**कहां कितना टीकाकरण**



| | |
|---|---|
| रतलाम | 900 |
| उज्जैन | 1900 |
| देवास | 1250 |
| शाजापुर | 650 |
| मंदसौर | 1200 |
| नीमच | 650 |
| आगर | 250 |

नईदुनिया

नईदुनिया 24/7/21

# ऊंकाला रोड़ के बाद धोलावाड़ रोड़ निर्माण कार्य पर उठा मुद्दा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर की प्यास बुझाने वाला धोलावाड़ डेम की सड़क अब सुर्खियों बन गई है । धोलावाड़ रोड जिम्मेदारों ने सड़क निर्माण अपने कार्य पर अंकुश लगा दिया है । जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को आवागमन बहुत ही मुश्किल हो गया है आमतौर पर किसानो को आवागमन करने में बहुत ही मुश्किल हो गई है।

जानकारी अनुसार कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने जनता और आवागमन करने वाले राहगीरों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से रोड जिम्मेदार ठेकेदार को सड़क निर्माण शुरू करने के लिए जमकर फटकार भी लगाई थी जिस पर रोड जिम्मेदार ठेकेदार ने 15 जुलाई तक रोड निर्माण पूरा करने के लिए कलेक्टर को आश्वस्त किया था । कलेक्टर की फटकर के भय से रोड जिम्मेदारों ने सड़क निर्माण कार्य की गति बढ़ाई और दिन -रात कार्य शुरू किया।

ऊकाला सीसी रोड के मामले को देखते हुए अब धोलावाड़ रोड के रहवासियों और आवागमन करने वाले राहगीरों ने अपनी आवाज बुलंद की है सड़क निर्माण पर लगे अंकुश से आ रही समस्याओं पर जनता ने मिडिया को अपनी समस्या से अवगत कराया और रोड कार्य शुरू करवाने की मांग की।

प्रसारण २५/७/२१

# अलकापुरीवासी परेशान, आयुक्त आवास घेरेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया अलकापुरी में रहते हैं। शहर की अन्य कॉलोनियां तो दूर इस कॉलोनी के ही लोग सड़क, सीवरेज और पानी की समस्या से परेशान हैं। इससे क्षेत्र के लोग जल्द ही आयुक्त के घर का घेराव करेंगे। पूर्व पार्षद वंदना पुरोहित एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल पुरोहित ने बताया कि पिछले कई दिनों से बेसमय पानी सप्लाई होने से लोग परेशान हो रहे हैं। नलों में इतना कम पानी आ रहा है कि लोगों के घरों का पानी भी नहीं भर पा रहा है। वहीं सीवरेज लाइन कई स्थानों से टूटी है इससे सड़कों पर ही गंदा पानी बहता रहता है। वहीं मां अंबे चौक के आगे की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सीवर लाइन के चैंबरों की गाद नहीं निकालने से बरसात में लोगों के घरों में सीवरेज का पानी घुस रहा है। भास्कर

दैनिक भास्कर २५/७/२१

# खराब सड़कों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 किमी सड़कों के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आकलन कर लिया है। शुक्रवार को वे 29 वार्डों में कालोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। विधायक ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार एस्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।



निगम अमले के साथ सड़कों का जायजा लेते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। •नईदुनिया

विधायक काश्यप ने कालोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट कंक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। विधायक ने नाले-नालियों, बगीचे और सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है, वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, मंडल महामंत्री हेमंत राहौरी मौजूद रहे।

नईदुनिया

नईदुनिया २५/७/२१

# 2 सिटी मैनेजर, 5 सामुदायिक संगठिकाओं को सेवा से बर्खास्त का नोटिस

रतलाम। एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पीएम स्वनिधी की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पीएम स्वनिधी की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाये जाने पर सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपील मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# 18 अधिकारी, कर्मचारियों का माह जुलाई का वेतन रोका

रतलाम। सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का 19 जुलाई के पूर्व संतुष्टि पूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण नहीं करवाये जाने पर 20 जुलाई को जारी ग्रेडिंग में रतलाम नगर निगम की उच्च ग्रेडिंग में आई कमी के कारण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित 18 अधिकारी/कर्मचारियों का आगामी आदेश तक माह जुलाई का वेतन रोका गया।

नवभारत

नवभारत २५/७/२१

# 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं को सेवा से बर्खास्त किया

रतलाम ● एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पी.एम. स्वनिधि की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पी.एम. स्वनिधि की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाये जाने पर सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, श्रीमती हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। स्वदेश

स्वदेश २५/७/२१

# अलकापुरी एवं आसपास की कॉलोनियो में समस्याओं का अम्बार

## कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त को दिया आवेदन

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

वार्ड क्र. 7 अंतर्गत अलकापुरी एवं आसपास की कॉलोनियो में समस्याओं का अम्बार लग चुका है और निगम द्वारा पुरे वार्ड को उपेक्षित कर नागरिको के मुलभुत अधिकारों का हनन किया जा रहा है। सड़क पेयजल लाइट उद्यान सफाई आदि कार्य में नागरिक अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है नगर निगम प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चहिये।

उक्त मांग पूर्व पार्षद श्रीमती वंदना अनिल पुरोहित ने कलेक्टर पुरषोत्तम कुमार व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से करते हुवे बताया कि वार्ड क्रमांक 7 में अनेको समस्याएं है जिनका निराकरण जल्द कराये। पूर्व में भी अनेक बार अवगत किया जा चुका है। परन्तु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन नागरिको के सब्र का इम्तहान ले रहे है और किसी बड़े बड़े आन्दोलन की बाट जोह रहे है। अलकापुरी में माँ अम्बे चोक से गांधी स्कूल तक और जित नगर की सड़क पूरी तरह जर्जर हो कर टूट चुकी है। इन सड़क का अस्तित्व अब समाप्त हो चुका है। पूर्व में भी नागरिको के हस्ताक्षर कराकर आपके संज्ञान में सड़क निर्माण हेतु अनुरोध किया था परन्तु सिर्फ कागजी कार्यवाही ही हो रही है।

अलकापुरी कोलोनी की ड्रेनेज लाइन सीवर लाइन कई स्थानो पर टूट गयी है जिससे अधिकतर जाम रहती है, गंदा पानी सड़को पर बहता है। शहर की अन्य कालोनियो में सिवेरज लाइन का कार्य हो चुका है जब की अलकापुरी कॉलोनी इससे वंचित है। सीवर लाइन के चेम्बरो की गाद वर्षो से नहीं निकाली गई है। बरसात में लोगो के घर में सीवर का पानी घुस रहा है और नागरिको को असुविधा हो रही है। कचरे की गाडी का कोई समय तय नही है एवं नियमित भी नही है।

श्रीमती पुरोहित ने बताया कि पूर्व में नगर निगम द्वारा प्रतिदिन जलप्रदाय के सपने दिखाए थे परन्तु अब हालत और खराब कर दिए और पूरा शहर जलसंकट से जूझ रहा है। वार्ड 7 में भी अनियमित पेयजल वितरण से नागरिक परेशान है। कई जगह गंदा पानी आने की शिकायत पूर्व में की है जिससे नागरिको के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जल प्रदाय का समय भी निश्चित नहीं कर रखा हे कभी रात्रि में तो कभी दिन में नल आते हे जिससे नागरिक पानी संग्रहण भी नहीं कर पाते है। अलकापुरी पानी की टंकी को तत्काल गंगासागर की मेन लाइन से जोड़ा जाय जिससे टंकी भरने में परेशानी न हो क्योंकि अन्य वाल मेन दादागिरी कर अलकापुरी की टंकी को नहीं भरने देते हे जिससे यहाँ कि व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

मुख्य मार्ग पर ही स्ट्रीट लाइट नही होने के कारण रात को आने जाने में असामाजिक तत्वों एवं आवारा कुत्तो का भय रहता है अतः प्राथमिकता के आधार पर मेन रोड से रोड पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करे। वार्ड 7 में कई बगीचे है जो की रख रखाव के आभाव में लावारिस है। निगम द्वारा लगाये गये बच्चो के झूले टूट चुके है जिसकी मरमत करवाई जावे। बगीचों में समुचित लाइट लगाई जाय जिससे बगीचे में प्रयाप्त उजाला हो।

श्रीमती पुरोहित ने चेतावनी देते हुवे कहा हे कि यदि उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हवा तो नागरिको के साथ मिलकर आन्दोलन किया जाएगा जिसकी जिमेदारी निगम और जिला प्रशासन की होगी।

प्रसारण

## एसडीएम के आदेश का भी नहीं हुआ पालन? काजी कुआ में साफ-सफाई का अभाव



**प्रसारण न्यूज • ताल**

विगत दिनों आलोट अनुभविभागीय अधिकारी राजस्व आलोट राजेश कुमार शुक्ला के द्वारा मरमिया खेड़ी रोड, काजी कुआं क्षेत्र की साफ सफाई की समस्या को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई दरोगा को तत्काल नोटिस जारी करने के आदेश ताल नगर परिषद के अधिकारी को दिए थे।

उक्त आदेश का पालन कितना हुआ इसकी तो जानकारी नही है एवं नोटिस का जवाब क्या दिया इसकी भी कोई सही सही जानकारी नहीं है परंतु साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर क्षेत्र वासियों में काफी नाराजगी है। वार्ड क्रमांक 15 काजी कुआं रहवासी मोहम्मद लाला मेव ने जानकारी में बताया कि मेरा मकान पुरानी सोसाइटी सेवा सहकारी संस्था कार्यालय के पास स्थित है, विगत 8 दिनों से सफाई व्यवस्था का अभाव बना हुआ है वर्तमान में ईद उल अजहा पर्व है जो 3 दिनों तक चलता है, उसके बावजूद भी किसी के द्वारा यहां पर साफ सफाई नियमित रूप से करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्री मेव ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से इस ओर ध्यान देकर समस्या का स्थाई समाधान कराते हुए उचित साफ-सफाई व्यवस्था नियमित रूप से करवाये जाने का निवेदन किया है।

प्रसारण 24/7/21

## कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत गंभीरता से सैंपल चेकिंग की जाएं, स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के ठोस प्रबंध सुनिश्चित करें

रतलाम। जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत सैंपल चेकिंग गंभीरता के साथ सतत रूप से की जाए। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में खासतौर पर रैंडम चेकिंग करते रहें, इसके उपचार हेतु जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में नियोजित ढंग से प्रबंध सुनिश्चित करें। बैठक में सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक श्री चैतन्य काश्यप, विधायक श्री दिलीप मकवाना, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक श्री मनोज चावला, विधायक श्री हर्षविजय गहलोत, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप चौधरी, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण निबटने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अल्प समय में सुनियोजित ढंग से प्रबंध किए गए और कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हुआ। यदि तीसरी लहर आती है तो रतलाम जिले में उससे निबटने के लिए पूर्व से ही पर्याप्त संख्या में संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिला बाल चिकित्सालय को कोविड उपचार के लिए अपडेट रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में कोविड-उपचार प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा मैदानी कार्यकर्ताओं जैसे एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड-केयर संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

स्वतंत्र चेतना 24/7/21

## कोविड वैक्सीनेशन 24 जुलाई को 101 केंद्रों पर होगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे हैं कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 24 जुलाई को जिले के 101 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सत्र स्थल अनुसार आलोट में 13, बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलोदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15, रतलाम शहर में 24 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

प्रसारण 24/7/21

## कोविड वैक्सीनेशन आज 101 केंद्रों पर होगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे हैं कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 24 जुलाई को जिले के 101 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सत्र स्थल अनुसार आलोट में 13, बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलोदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15, रतलाम शहर में 24 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

नवभारत 24/7/21

## रतलाम में आज 101 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे हैं कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 24 जुलाई को जिले के 101 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सत्र स्थल अनुसार आलोट में 13, बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलोदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15, रतलाम शहर में 24 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

पिपुल्स 24/7/21

## कोविड वैक्सीनेशन 24 जुलाई को 101 केंद्रों पर होगा

रतलाम ● जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 24 जुलाई को जिले के 101 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सत्र स्थल अनुसार आलोट में 13, बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलोदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15, रतलाम शहर में 24 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

स्वदेश 24/7/21

# नल-जल योजना का बेहतर क्रियान्वयन करें, उखड़ी सड़कों की मरम्मत करवाएं, नहीं करने पर ठेकेदार का पेमेंट रोकें

## सैलाना-बाजना क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कैंप आयोजित करें

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**



रतलाम। रतलाम जिले में नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। किसी भी गांव में योजना क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित करें। योजना कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका पेमेंट रोकें। उक्त निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ने दिए। प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा की। बैठक में सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर श्री चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, विधायक आलोट श्री मनोज चावला, विधायक सैलाना श्री हर्षविजय गहलोत, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप चौधरी, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी देवे जिससे खेती ज्यादा से ज्यादा लाभ का धंधा बने। सांसद श्री डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि बच्चो को कुपोषण से मुक्त करने के लिए नियोजित ढंग से प्रबंध करते हुए थर्ड मील उपलब्ध कराया जाए। श्री काश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई गई है इसका डाटा प्रस्तुत करें। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में सोयाबीन की खेती में कमी आई है तथा मक्का के रकबे में वृद्धि परिलक्षित हुई। श्री काश्यप ने मक्का, लहसुन तथा जिले के अन्य प्रमुख फसलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मक्का के खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कम्पनियों के माध्यम से सघन प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने सैलाना, बाजना क्षेत्र की पथरीली भूमि को उपजाऊ बनाने की योजना पर भी चर्चा की। जल संसाधन की समीक्षा में श्री काश्यप ने कुण्डाल डेम से ड्रीप एवं स्प्रिंकलर पद्धतियों द्वारा कृषको को पानी उपलब्ध कराने की बात कही, जिससे जल का अधिकतम उपयोग संभव हो सकेगा।

विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने नल जल योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहा कि चिन्हित स्कूल, आंगनवाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध करा दिया जाए, इसमें देरी नहीं की जाए। विधायक आलोट श्री मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में संतरे के रकबे में कमी एवं किसानों द्वारा संतरे के पौधे हटाए जाने की जानकारी देते हुए रकबा वृद्धि हेतु आवश्यक उपाय की बात कही। बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वास्तविक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। विधायक श्री काश्यप ने विगत तीन-चार वर्षों के दौरान बकरी पालन की योजना में उपलब्ध कराई गई बकरियों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। बताया गया कि योजना में सामान्य वर्ग को 50 प्रतिशत तथा अजा-जजा वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा के दौरान विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि हितग्राहियों की संख्या को देखते हुए उपलब्धता पेंडेंसी में इजाफा हुआ है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजना में जो पात्र हितग्राही हैं उन्हीं को लाभ मिले। सांसद श्री डामोर ने कहा कि जिले के सैलाना-बाजना क्षेत्र के कई गांवों में किसी भी हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में मैदानी अमले की कार्यशैली में सुधार किया जाए। विधायक श्री मकवाना ने कहा कि बिलपांक में करीब 8 हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं, कई पंचायतों में आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं जहां शिकायतें हैं वहां निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि ग्राम मथुरी तथा करमदी में पीएम आवास योजना के तहत सुविधायुक्त आदर्श कॉलोनी बनाने की योजना तैयार की जाए। लोक निर्माण विभाग की भी समीक्षा की गई। विधायक श्री काश्यप ने धोलावाड सड़क का स्टीमेट बनाने के निर्देश भी दिए। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद श्री गुमानसिंह डामोर द्वारा निर्देशित किया गया कि बाजना तथा सैलाना क्षेत्रों में गठित स्वयं सहायता समूहों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सुलभ शौचालय परिसरों के सुव्यवस्थित संधारण पर भी जोर दिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन में बनाए गए शौचालयों के उपयोग हेतु लोगों को जागृत करने के लिए भी कहा। खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इस दिशा में जिले में सजगता से कार्य किया जा रहा है। हाल ही में दो व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

विधायक श्री काश्यप ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में दुकानों को युक्तियुक्त ढंग से विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया जाए। अभी देखने में आता है कि एक ही स्थान पर दो या दो से अधिक दुकानें संचालित की जा रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी 2023 तक हर एक घर में नल से जल पहुंचाना है। इस योजना के क्रियान्वयन को गंभीरता से लेवे। सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप चौधरी ने जिले में वैक्सीनेशन कार्यक्रम के सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वयन की जानकारी दी।

**वैक्सीनेशन** • जिले में आज बड़े पैमाने पर होगा टीकाकरण, 25 हजार टीके मिले, 20 हजार से ज्यादा लोगों को लगेगा पहला डोज

# पहले दिन टीका लगवाने शहर में सिर्फ 36 गर्भवती महिलाएं ही पहुंचीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में गर्भवती को टीका लगाने की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। पहले दिन टीका लगवाने के लिए गर्भवतियों का उत्साह नजर नहीं आया। शहर के एमसीएच में सिर्फ 36 महिलाएं ही वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचीं। इनमें भी 8वें और 9वें महीने की गर्भवती नहीं थी। इधर अब शनिवार को जिले में बड़े पैमाने पर टीकाकरण होगा। इसके लिए 25 हजार वैक्सीन मिली है।

वैक्सीनेशन की शुरुआत के 6 महीने बाद अब गर्भवती महिलाओं को टीके लगना शुरू हुए हैं। शुक्रवार को पहले दिन टीके लगाए जाने थे इसके लिए शहर में मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई को केंद्र बनाया गया था। लंबे समय बाद टीकाकरण से कई महिलाओं के आने के आसार थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शाम तक 36 महिलाएं ही वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचीं। इनमें भी ज्यादातर ऐसी महिलाएं थीं जो गर्भ के 6 महीने के अंदर टीका लगवाने के लिए आई थीं।

## पहले दिन नजर नहीं आया उत्साह : गर्भवती महिलाओं में 8वें और 9वें महीने वाली अभी टीकाकरण के लिए नहीं आईं

### जिले में 212 ने लगवाई वैक्सीन

| ब्लॉक | गर्भवती |
|---|---|
| आलोट | 26 |
| बाजना | 40 |
| बिलपांक | 40 |
| जावरा | 30 |
| पिपलौदा | 20 |
| सैलाना | 20 |
| रतलाम | 36 |



एमसीएच में टीका लगवाने के लिए पहुंची गर्भवती।

### आज 101 केंद्रों पर लगेंगे टीके

जिले में शनिवार को भी टीकाकरण किया जाएगा। 24 जुलाई को जिले के 101 केंद्रों पर वैक्सीनेशन होगा। आलोट में 13, बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलौदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15, रतलाम शहर में 24 स्थानों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। जिले में केंद्रों पर 25 हजार लोगों को टीका लगाने का इंतजाम है। इनमें 20210 लोगों को टीके का पहला डोज लगाया जाएगा। वहीं, 4790 लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा।

### स्कूल-कॉलेज शिक्षक और कर्मियों को लगेगी वैक्सीन

इधर, अब सभी कॉलेज व स्कूलों में काम करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों को कोविशील्ड का टीका लगाया जाएगा। मुख्य सचिव इकबालसिंह बैंस ने शुक्रवार को कलेक्टर और सीएमएचओ को टीकाकरण के लिए कहा है। टीकाकरण 26 से 31 जुलाई तक होगा। टीकाकरण अभियान जिला मुख्यालय और ब्लॉक में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। आदिम जाति कल्याण के विद्यालय सहित सभी शासकीय/अशासकीय कॉलेज व स्कूल शिक्षकों और कर्मचारियों को टीके लगाए जाएंगे।

दै.भास्कर 24/7/21

### जिले के प्रभारी मंत्री ने संकट प्रबंधन समूह की बैठक में दिए निर्देश

# कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत गंभीरता से सैंपल चैकिंग की जाए, स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के ठोस प्रबंध सुनिश्चित करें

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत सैंपल चेकिंग गंभीरता के साथ सतत रूप से की जाए। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में खासतौर पर रैंडम चेकिंग करते रहें, इसके उपचार हेतु जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में नियोजित ढंग से प्रबंध सुनिश्चित करें।

बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक दिलीप मकवाना, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक मनोज चावला, विधायक हर्षविजय गहलोत, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।



बैठक में प्रभारी मंत्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण निबटने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अल्प समय में सुनियोजित ढंग से प्रबंध किए गए और कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हुआ। यदि तीसरी लहर आती है तो रतलाम जिले में उससे निबटने के लिए पूर्व से ही पर्याप्त संख्या में संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिला बाल चिकित्सालय को कोविड उपचार के लिए अपडेट रखने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में कोविड-उपचार प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा मैदानी कार्यकर्ताओं जैसे एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड-केयर संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू कोविड- एचडीयू कोविड-आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन तथा देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जिला चिकित्सालय तथा बाल चिकित्सालय के समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को बच्चों में कोविड-उपचार आईवी फ्लूड ऑक्सीजन देने के साधनों एवं निमोनिया के उपचार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों के लिए 5-5 बिस्तर इलाज के लिए आरक्षित किए गए हैं, 2-2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं सिविल अस्पताल जावरा तथा आलोट में सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन की व्यवस्था बनाकर 20-20 बेल्ट लगाए गए हैं। मेडिकल कॉलेज में 30 बिस्तरी पीआईसीयू एवं एनआईसीयू का निर्माण किया गया है। जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तरी पीआइसी यूनिट का निर्माण किया गया है। बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजनयुक्त 70 बिस्तरी वार्ड बनाया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है जो आगामी 15 दिवस में पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया जाए क्योंकि उनके द्वारा कोरोना काल में दिन-रात समर्पित ढंग से कार्य किया गया है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि चिकित्सा संस्थाओं में उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों को चलायमान रखने के लिए प्रत्येक 6 माह में ऑपरेट किया जाए ताकि वह खराब नहीं हो। गोविंद काकानी ने डेंगू रोग के संबंध में जानकारी दी। रोग से बचाव के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि कील कोरोना सर्वे टीम अपने भ्रमण के दौरान डेंगू रोग के उपचार तथा प्रबंधन का कार्य करें। स्कूल कक्षाओं के संचालन के संबंध में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार कार्यवाई की जाएगी।

प्रसारण २४/७/२१

पत्रिका

**29 वार्डों में गए, वास्तवित स्थिति देखी, कॉलोनियों में बनेगी सीसी रोड**

# शहर विधायक ने फिर किया सड़कों के लिए निरीक्षण

रतलाम @ पत्रिका. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 किमी सड़कों के लिए विधायक चैतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आंकलन पूरा कर लिया है। शुक्रवार को विधायक काश्यप 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गो का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। विधायक काश्यप ने निगम अमले को खराब सड़क पुर्ननिर्माण हेतु आवश्यकता अनुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है।



वार्डों के भ्रमण के दौरान शुक्रवार शाम को विधायक काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। विधायक काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मण्डल महामंत्री हेमंत राहौरी मौजूद रहे। बता दे की शहर की खराब सड़कों का मामला योजना समिति की गुरुवार को हुई बैठक में भी उठा है। बैठक में प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने साफ कहा है कि जहां सड़क सही नहीं हो वहां ठेकेदार का भुगतान रोक दिया जाए। शहर में सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री चौहान ने राशि मंजूर करने की बात कही है, लेकिन कोरोना के दौरान नगर निगम इसका प्रस्ताव समय पर नहीं भेज पाया। अब इसको भेजा जाएगा।

पत्रिका २५/७/२१

# 29 वार्डों में पहुंचे विधायक, रोड देखकर एस्टीमेट बनाने का कहा

## पंचवर्षीय योजना में बनना हैं 126 किमी सड़कें



शहर की सड़कों का जायजा लेते हुए विधायक।

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

शहर की सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए अब शहर विधायक चैतन्य काश्यप एक्शन मोड में आ गए है। शुक्रवार को विधायक 29 वार्डों में घूमे, इस दौरान उन्होंने वहां की सड़कों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की घोषणा के अनुसार पंचवर्षीय योजना में शहर में 126 किमी सड़क बनना है। इसके लिए विधायक चैतन्य काश्यप ने आंतरिक सड़क और मुख्य मार्ग का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यकतानुसार एस्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वार्डों के भ्रमण के दौरान विधायक चैतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले व क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत काम की आवश्यकता का आकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है, वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार काम शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, श्याम सोनी, आदित्य डागा, निलेश गांधी, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी भी मौजूद थे।